>

Title: Need to accord approval to an irrigation project in Chhattisgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में अरपा भैसाझाल परियोजना दस वर्षों से लंबित है। पुनः उसका प्राक्कलन तैयार होकर आ गया है जिसमें एक लाख किसानों को उसका लाभ मिलेगा जिनकी कई लाख एकड़ जमीन है। यह छत्तीसगढ़ की पहली परियोजना है। छत्तीसगढ़ सरकार को इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यह नई सरकार बनी है, चार सालों से है। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि अरपा भैसाझाल परियोजना जो यहां विचाराधीन है, उसे स्वीकृति दी जाए।

MR. SPEAKER : So many State matters are being raised forcibly.

श्री विक्रमभाई अर्जनभाई माडम (जामनगर) : महोदय, देश की सुरक्षा पर एक खतरा है। अपने मत विस्तार जामनगर जिला और डिफैन्स के बारे में आपसे गुजारिश करना चाहता हूं। जामनगर एयरपोर्ट, एयरफोर्स की तालीम देने का सैंटर है। यह पाकिस्तान से नज़दीक है, इसलिए छूट देने से खतरा होगा। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Let us hear as to what the hon. Member is saying.